Schedule XLII-High Court No.(J) 9[Old(M)164]

FORM OF ORDER SHEET

IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, PURNEA.

Service Appeal No.- 47/2021

Sri Diwakar Mishra .... Appellant.

Versus

The State of Bihar & Ors .... Respondents.

Serial No.	Date of order of proceeding.	Order with signature of the court.	Office action taken with date
1	2	3	4
	18.10.2023	**<u>आदेश</u>** प्रस्तुत सेवा अपील क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया द्वारा पारित आदेश ज्ञापांक–992 दिनांक–27.09.2021 के विरूद्ध दायर किया गया है। विलंब क्षांत हेतु पृथक आवेदन दाखिल है। उभय पक्ष अनुपस्थित। क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया से वांछित प्रतिवेदन प्राप्त है। उक्त प्रतिवेदन में स्पष्ट है कि शिक्षा विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–521 दिनांक–26.02.2019 के नियम–5 के तहत् प्रमंडलीय संवर्ग के अनुसचिवीय लिपिक के अनुशासनिक प्राधिकार स्वयं क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक हैं। बिहार सरकारी सेवक नियमावली 2005 के नियम–16(1) में वर्णित प्रावधानानुसार अपील प्राधिकार जिसके अधीनस्थ नियुक्ति प्राधिकार हो अर्थात् निदेशक (मा0 शि0) प्रमंडलीय शिक्षा अनुसचिवीय लिपिक/कर्मी हेतु अपीलीय प्राधिकार नामित होते हैं। अतः उपर्युक्त के आलोक में प्रस्तुत अपील को इस न्यायालय में क्षेत्राधिकार अंतर्गत एवं पोषणीय नहीं पाते हुए अस्वीकृत किया जाता है। इसी के साथ वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है। आदेश की प्रति निम्न न्यायालय को भेजें। लेखापित एवं शुद्धित। आयुक्त, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ। आयुक्त, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ।	

Web Copy. Not Official.

Web Copy. Not Official.